Australian Government

mediation resolve agreement confidential differences neutral child-focused safe

Hindi | हिन्दी

# पारिवारिक विवाद समाधान (Family Dispute Resolution)

ऑस्ट्रेलियाई सरकार पारिवारिक विवाद समाधान सेवाओं को वित्तपोषित करती है, ताकि ऑस्ट्रेलियाई परिवारों को अदालत में जाने की आवश्यकता के बिना, अपने बच्चों के सर्वोत्तम हितों को पूरा करने वाली व्यवस्थाओं पर चर्चा करने और सहमत होने में मदद मिल सके।

## पारिवारिक विवाद समाधान [Family Dispute Resolution](FDR) क्या है?

पारिवारिक विवाद समाधान (FDR) एक प्रकार की मध्यस्थता (मेडिएशन) सेवा है जो अलग (सेपरेट) हो रहे परिवारों को अदालत में जाने की आवश्यकता के बिना अपने स्वयं के समझौतों तक पहुंचने में मदद करती है। FDR सेवा लोगों को संपत्ति, धन और सबसे महत्वपूर्ण - उनके बच्चों - से संबंधित कई मुद्दों पर सहमत होने में मदद कर सकती है।

FDR सेवाएं विभिन्न व्यक्तियों और संगठनों द्वारा प्रदान की जाती हैं, उदाहरण के लिए, पारिवारिक संबंध केंद्र (Family Relationship Centres), सामुदायिक संगठन (community organisations), लीगल एड कमीशन (कानूनी सहायता आयोग) द्वारा, और ऐसे व्यक्तियों द्वारा जो निजी (भुगतान वाली) FDR सेवाएं प्रदान करते हैं। यदि आप किसी दूरदराज के क्षेत्र में हैं या किसी सेवा प्रदाता तक नहीं पहुंच सकते हैं, तो भी आप आप टेलीफोन या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी FDR सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं।

केवल मान्यता प्राप्त FDR पेशेवरों को ही FDR सेवाएं प्रदान करने की अनुमति होती है। यह पुष्टि करने के लिए कि क्या कोई व्यक्ति मान्यता प्राप्त FDR पेशेवर है या नहीं, आप पारिवारिक विवाद समाधान रजिस्टर (https://fdrr.ag.gov.au/) देख सकते हैं।

## क्या FDR अनिवार्य है?

कानून के अनुसार, अलग हुए माता-पिता के लिए यह आवश्यक है कि वे पेरेंटिंग ऑर्डर (परवरिश आदेश) के लिए पारिवारिक कानून न्यायालय (फैमिली लॉ कोर्ट) में आवेदन करने से पहले FDR का प्रयोग करने का प्रयास करें, जब तक कि निम्नलिखित में से एक या एक से अधिक छूट लागू न हों:

- आप 'सहमति आदेश (consent orders)' के माध्यम से एक समझौते को औपचारिक रूप दे रहे हों
- पारिवारिक हिंसा या बाल दुर्व्यवहार हुआ हो
- आप न्यायालय में किए गए किसी आवेदन का जवाब दे रहे हों

- तत्काल निर्णय लिया जाना आवश्यक हो
- कोई व्यक्ति FDR में भाग लेने में असमर्थ हो
- किसी व्यक्ति ने पिछले 12 महीनों में जारी किए गए न्यायालय के आदेश का अनुपालन नहीं किया हो, या उसके प्रति गंभीर उपेक्षा दिखाई हो।

यहाँ तक कि जो लोग पहले अदालत जा चुके हैं, उन्हें भी नए अदालती आदेशों की आवश्यकता होने पर या वर्तमान आदेशों में परिवर्तन कराने की ज़रूरत पड़ने पर FDR का प्रयोग करना पड़ सकता है।

यदि कोई छूट लागू नहीं होती है, तो आपको परिवार कानून न्यायालय द्वारा परवरिश संबंधी मामले का निर्णय लिए जाने के लिए FDR पेशेवर से प्रमाण-पत्र जमा कराना होगा। प्रमाण पत्र केवल पारिवारिक कानून [Family Law](पारिवारिक विवाद समाधान पेशेवर) विनियम 2025 के तहत मान्यता प्राप्त FDR पेशेवरों द्वारा ही जारी किए जा सकते हैं।

## FDR पेशेवर मुझे क्या जानकारी प्रदान करेगा?

इससे पहले की आप FDR शुरू करें, यह ज़रूरी है कि आपका FDR पेशेवर आपको अपनी योग्यताओं, FDR प्रक्रिया के बारे में बताए, जिसमें यह शामिल है कि FDR में आपके द्वारा कही गई बातों पर क्या संरक्षण लागू होते हैं, इस प्रक्रिया लागत कितनी होगी, तथा ये विवरण कि आप सेवा के बारे में शिकायत कैसे कर सकते हैं। वे आपको ऐसी अन्य सेवाओं के बारे में भी बता सकते हैं जो आपकी मदद कर सकती हों।  यह ज़रूरी है कि FDR पेशेवर आपको इस बारे में जानकारी दे कि न्यायालय में आवेदन करने से पहले FDR में भाग कैसे लेना है, धारा 60I प्रमाण पत्र कैसे प्राप्त करना है, तथा यह कि किसी व्यक्ति के विरुद्ध लागत अधिरोपित करने का निर्णय लेते समय न्यायालय द्वारा उस प्रमाण पत्र को ध्यान में रखा जा सकता है।

यदि आप अपने बच्चों से संबंधित किसी मतभेद को सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं, तो आपको अपनी संतान के सर्वोत्तम हित में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

यदि आप वित्त या संपत्ति के बारे में किसी मतभेद को सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं, तो पेशेवर को आपको सभी प्रासंगिक वित्तीय जानकारी और दस्तावेजों को एक-दूसरे के साथ और साथ ही अदालत के समक्ष प्रकट करने के अपने कर्तव्य के बारे में जानकारी देनी होगी।

## FDR में कौन जा सकता है?

जिन लोगों के बीच असहमति है उन्हें FDR प्रक्रिया में शामिल किए जाने की आवश्यकता होती है। यदि उचित हो तो आप परिवार के सदस्यों या किसी सहायक व्यक्ति को अपने साथ ला सकते हैं, जिसमें आपका वकील भी शामिल हो सकता है। हालाँकि, FDR पेशेवर को सहमत होना होगा कि अन्य लोग FDR सत्रों में आ सकते हैं। यदि आप अपने साथ किसी सहायक व्यक्ति या वकील को लाने की योजना बना रहे हैं, तो आपको जितनी जल्दी संभव हो, FDR पेशेवर से इस बारे में चर्चा करनी चाहिए।

## क्या मेरी संतान भी FDR में शामिल होगी?

नहीं, लेकिन आपकी परिस्थितियों और आपकी संतान की आयु और परिपक्वता जैसे कई कारकों के आधार पर, पारिवारिक परामर्शदाता (फैमिली काउंसलर) या बाल मनोवैज्ञानिक (चाइल्ड साइकोलोजिस्ट) आपकी संतान से बात कर सकते हैं। ऐसा केवल माता-पिता की सहमति से ही किया जाएगा।

## FDR के दौरान क्या होता है?

मध्यस्थता (मेडिएशन) शुरू होने से पहले, आकलन करके यह देखा जाएगा कि क्या FDR आपकी स्थिति के लिए उपयुक्त है। FDR पेशेवर निष्पक्ष होते हैं और किसी एक का पक्ष नहीं लेंगे। वे पारिवारिक मुद्दों को वस्तुनिष्ठ और सकारात्मक तरीके से समझने में आपकी मदद कर सकते हैं। सलाह-मशविरे (काउंसलिंग) के विपरीत, FDR रिश्तों के भावनात्मक पक्ष पर ध्यान केंद्रित नहीं करता है। इसमें विशिष्ट विवादों को सुलझाने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

आपको FDR पेशेवर की मदद से विवाद को सुलझाने का वास्तविक प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

FDR आप दोनों को मुद्दों पर चर्चा करने, विकल्पों पर विचार करने, तथा सर्वोत्तम समझौते पर पहुंचने के तरीके का पता लगाने में मदद कर सकता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि आप अपने बच्चों के लिए व्यवस्थाएँ निर्धारित करने हेतु पेरेंटिंग प्लॉन (परवरिश योजना) विकसित करने के लिए FDR का उपयोग कर सकते हैं। FDR पेशेवर यह जांच भी करेगा कि जो भी कहा जा रहा है, सभी लोग उसे समझ रहे हैं तथा उस से सहमत हैं।

## यदि आप असुरक्षित महसूस कर रहे हों तो क्या होगा?

यह महत्वपूर्ण है कि आप सुरक्षित महसूस करें, तथा FDR से पहले, उसके दौरान और उसके बाद भी सुरक्षित रहें। यदि आपको अपनी या अपने बच्चों की सुरक्षा के बारे में चिंताएँ हैं, तो आपको यथाशीघ्र अपने FDR पेशेवर या FDR सेवा के कर्मचारियों को बताना चाहिए। इसका अर्थ यह हो सकता है कि FDR को रोक दिया जाए या आगे न बढ़ाया जाए। FDR के पक्षकारों के एक ही कमरे में उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं है।

यदि पारिवारिक हिंसा या बाल दुर्व्यवहार हुआ हो तो FDR प्रक्रिया को किए जाने से जुड़ी कोई आवश्यकता नहीं है।

## इसकी लागत क्या होगी?

न्यायालय जाने या कानूनी फीस का भुगतान करने की तुलना में FDR अधिक शीघ्र और सस्ती प्रक्रिया हो सकती है। हो सकता है कि FDR सेवाएं आपकी वित्तीय परिस्थितियों के अनुसार शुल्क लें। यदि आपकी आय कम है या आप वित्तीय कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं तो आपको FDR सेवा को सूचित करना चाहिए।

## क्या FDR में कही गई बातें गोपनीय होती हैं और क्या उनका प्रयोग अदालत में किया जा सकता है?

FDR में आपके द्वारा कही गई अधिकांश बातें गोपनीय रहती हैं, बशर्ते आप किसी मान्यता प्राप्त FDR पेशेवर से बात कर रहे हों। कभी-कभी FDR पेशेवर के लिए, कानून के अनुसार, आपके द्वारा कही गई किसी बात का खुलासा करने की आवश्यकता हो सकती है, उदाहरण के लिए यदि यह खुलासा संदिग्ध बाल दुर्व्यवहार या किसी गंभीर अपराध को रोकने या किसी के जीवन को खतरे से बचाने से सम्बन्धित हो।

जो लोग मान्यता प्राप्त FDR पेशेवर नहीं हैं, जैसे कि इनटेक ऑफिसर (प्रवेश अधिकारी) या एसिस्टेंट्स (सहायक), वे गोपनीयता संरक्षणों के दायरे में शामिल नहीं होते हैं। आपको FDR शुरू करने से पहले यह पुष्टि कर लेनी चाहिए कि आपका FDR पेशेवर एक मान्यता प्राप्त पेशेवर है। आप पारिवारिक विवाद समाधान रजिस्टर पर यह जांच कर सकते हैं कि क्या कोई पेशेवर मान्यता-प्राप्त है या नहीं।

FDR के दौरान आप जो बातें कहते हैं, उनका उपयोग किसी भी अदालत या कार्यवाहियों में नहीं किया जा सकता है, जब तक कि वे बाल दुर्व्यवहार से संबंधित न हों। इसका अर्थ यह है कि भले ही आप FDR में किसी सहमति पर नहीं पहुँच पाते हैं और आपको न्यायालय जाना पड़ता है, तो भी न्यायाधीश न्यायालय में निर्णय लेते समय FDR के दौरान आपके द्वारा कही गई किसी भी बात का उपयोग नहीं कर पाएंगे, जब तक कि वह बात बाल दुर्व्यवहार से संबंधित न हो।

यदि आपका FDR पेशेवर आपको किसी पेशेवर सेवा के लिए किसी अन्य व्यक्ति के पास भेजता है, तो आप उस व्यक्ति से जो कुछ भी कहेंगे, वह भी संरक्षित रहेगा तथा न्यायालय में स्वीकार्य नहीं होगा, जब तक कि वह बाल दुर्व्यवहार से संबंधित न हो।

## FDR में हुए किसी समझौते के साथ क्या होता है?

यदि अपने बच्चों के लिए व्यवस्थाओं पर आपकी सहमति हो जाती है, तो इसे पेरेंटिंग प्लॉन (परवरिश योजना) के रूप में दर्ज किया जा सकता है। यह ज़रूरी है कि पेरेंटिंग प्लॉन लिखित रूप में हो, उस पर दिनांक अंकित हो तथा माता-पिता दोनों द्वारा उसपर हस्ताक्षर किए जाएँ। आपके पेरेंटिंग प्लॉन में व्यवस्थाओं में परिवर्तन करने और मतभेदों को सुलझाने के उपाय शामिल हो सकते हैं। यदि आवश्यक हो तो समय के साथ-साथ पेरेंटिंग प्लॉन्स पर फिर से समझौता-वार्ता किया जा सकता है।

ध्यान रखें कि आपके बच्चों की देखभाल व्यवस्थाओं में कोई भी परिवर्तन चाइल्ड स्पोर्ट (बाल सहायता), इनकम स्पोर्ट (आय सहायता) और फैमिली असिस्टेंस पेमेंट्स (परिवार सहायता भुगतान) को प्रभावित कर सकता है। आपके पेरेंटिंग प्लॉन में चाइल्ड स्पोर्ट (बाल सहायता) को शामिल करने के संबंध में विशेष नियम लागू होते हैं। उदाहरण के लिए, यदि आपके पेरेंटिंग प्लॉन में बाल सहायता के लिए राशि निर्दिष्ट की गई है, तो *चाइल्ड स्पोर्ट* द्वारा तब तक इसे लागू नहीं किया जा सकता है, जब तक कि यह एक वैध बाल सहायता समझौता न हो, और आप या दूसरे अभिभावक *चाइल्ड स्पोर्ट* से इसे स्वीकार करने के लिए निवेदन न करें।

यदि आप अपनी संपत्ति/वित्तीय व्यवस्थाओं के बारे में अपने अंतिम पेरेंटिंग प्लॉन (परवरिश योजना) समझौते को कानूनी रूप से बाध्यकारी बनाना चाहते हैं, तो आप अपने समझौते को सहमति आदेश (Consent Order) में बदलने के लिए अदालत में आवेदन कर सकते हैं। आप यह काम स्वयं कर सकते हैं या अपने वकील से ऐसा करने के लिए कह सकते हैं।

## यदि FDR कारगर सिद्ध नहीं होता है तो क्या होगा?

यदि आप सहमति पर नहीं पहुंच पाते हैं, तो भी FDR प्रक्रिया आपको और आपके पूर्व पति या पत्नी या पार्टनर (जीवनसाथी) को बेहतर ढंग से बातचीत करने या आपके कुछ मुद्दों को सुलझाने में मदद कर सकती है। यदि आप FDR का प्रयास करते हैं, लेकिन फिर भी आपको पेरेंटिंग ऑर्डर के लिए न्यायालय जाना पड़ता है, तो आपको मान्यता प्राप्त FDR पेशेवर से प्रमाण-पत्र प्राप्त करने की आवश्यकता होगी।

प्रमाणपत्र में निम्नलिखित में से कोई एक बात लिखी जाएगी:

- आप और दूसरा पक्ष उपस्थित रहे और विवाद को सुलझाने का वास्तविक प्रयास किया
- आप और दूसरा पक्ष उपस्थित थे लेकिन आप में से एक ने या दोनों ने वास्तविक प्रयास नहीं किया
- दूसरा पक्ष उपस्थित नहीं हुआ
- FDR पेशेवर ने निर्णय लिया कि आपका मामला FDR के लिए उपयुक्त नहीं है, या
- FDR पेशेवर ने FDR प्रक्रिया के बीच में यह फैसला लिया कि इसे जारी रखना उचित नहीं है।

आपको यह भी पता होना चाहिए कि यदि आप FDR में उपस्थित नहीं होते हैं या उपस्थित होने का वास्तविक प्रयास नहीं करते हैं, तो न्यायालय द्वारा आपको दूसरे पक्ष की कानूनी लागत का भुगतान करने का आदेश भी जारी किया जा सकता है।

## मैं किसी मान्यता प्राप्त FDR पेशेवर से कैसे संपर्क करूं?

और अधिक जानकारी के लिए पारिवारिक संबंध सलाह सेवा (Family Relationship Advice Line) को **सोमवार से शुक्रवार सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे के** बीच तथा **शनिवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे** के बीच (राष्ट्रीय सार्वजनिक अवकाशों को छोड़कर) **1800 050 321** पर कॉल करें।

सरकार द्वारा वित्तपोषित सेवा का पता लगाने के लिए, आप वेबसाइट www.familyrelationships.gov.au पर ऑनलाइन तरीके से फैमिली रिलेशनशिप पर जा सकते हैं।

आप किसी निजी FDR पेशेवर का पता लगाने के लिए पारिवारिक विवाद समाधान रजिस्टर (https://fdrr.ag.gov.au/) का प्रयोग भी कर सकते हैं। आप अपने निकट किसी पेशेवर का पता लगाने के लिए मैप (मानचित्र) का उपयोग कर सकते हैं।

चाइल्ड स्पोर्ट (बाल सहायता) के बारे में और अधिक जानकारी के लिए https://www.servicesaustralia.gov.au/ पर जाएं